लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 22 August 2023

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू : यूपीटीएससी काउंसलिंग से बची सीटों पर मिलेगा सीधा प्रवेश, 500 रुपये का लगाना होगा ड्राफ्ट

बीटेक, बीफार्मा के लिए आज अंतिम मौका

दाखिले की दौड़

उद्यमिता संस्कृति विकसित करनी होगी : सुंदरम

पीजी के चार विषयों का कट ऑफ जारी

केकेसी में प्रवेश आज से

एलयू में एलएलबी की कक्षाएं 28 से

एनएसएसबी में पीजी की पहली मेरिट आज

20 सीटें स्टेट कोटे, इंजीनियरिंग में

पदक विजेता छात्रों की पढ़ाई, खाना फ्री

एलयू

ये छात्र उठा सकेंगे लाभ

एमए, एमकॉम समेत 21 विषयों की उत्तरकुंजी जारी

छह विषयों की मेरिट जारी

NBT PAGE 5

‘कुशल खिलाड़ी कोष’ से अपने छात्रों की मदद करेगा LU

अपने यहां पढ़ने वाले खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता देगा विवि

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू अब अपने यहां पढ़ने वाले खिलाड़ियों को 'कुशल खिलाड़ी कोष' योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। हालांकि इस सहायता के लिए कई नियम भी रखे गए हैं। बता दें कि एलयू पहले से ही स्टूडेंट्स की वित्तीय सहायता के लिए शोध मेधा छात्रवृत्ति, कर्मयोगी योजना, वीसी केयर फंड जैसी कई योजनाएं चला रहा है।

वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि एलयू के खेलों में सक्रिय रूप से शामिल होने वाले स्टूडेंट्स के लिए नई वित्तीय सहायता योजना 'कुशल खिलाड़ी कोष' शुरू की गई है। इससे एलयू स्टूडेंट्स के बीच खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने का प्रयास करेगा। इसके लिए अलग समिति भी बनाई गई है। इस समिति का अध्यक्ष एलयू एथलेटिक असोसिएशन का भी अध्यक्ष होगा, वहीं सचिव और कोषाध्यक्ष भी समिति में सदस्य होंगे। कुशल खिलाड़ी कोष का अनुमोदन और वित्तीय मंजूरी कुलपति के अधीन होगा। उम्मीदवार के दावे गलत मिलने पर उसे जो सहायता मिली है, वापस करने के लिए उत्तरदायी होगा।

इन्हें मिलेगा लाभ

- एलयू एथलेटिक असोसिएशन (एलयूएए) द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में मेडल जीतने वाले छात्रों को पूर्ण वित्तीय सहायता (पाठ्यक्रम शुल्क+ छात्रावास शुल्क+ मेस शुल्क) मिलेगी।
- एलयूएए द्वारा अनुमोदित राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में मेडल जीतने वाले छात्रों को ट्यूशन शुल्क सहायता।
- अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों को यात्रा भत्ता।

यह है पात्रता

- स्टूडेंट्स को एलयू के बैनर तले एलयूएए अनुमोदित खेल प्रतियोगिता में भाग लेना होगा। व्यक्तिगत रूप से या किसी अन्य संबद्धता के माध्यम से प्रतिस्पर्धा करने वाले स्टूडेंट पात्र नहीं होंगे।
- पिछले सेमेस्टर या वार्षिक परीक्षा में स्पष्ट रूप से उत्तीर्ण हो या बैक पेपर के लिए पात्र हो।
- विवि के नियमित या स्व-वित्त पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे हों।
- पिछली परीक्षा में न्यूनतम 60% अंकों के साथ उत्तीर्ण किया हो।
- पिछले शैक्षणिक सेमेस्टर/वर्ष में कम से कम 75% उपस्थिति होनी चाहिए।
- किसी भी गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल नहीं होना चाहिए।
- किसी प्रकार की अन्य फेलोशिप प्राप्त करने वाला पात्र नहीं होगा।

LU में LLB की कक्षाएं 28 से

आपदा प्रबंधन पर की चर्चा

LU : 21 विषयों की आंसर की जारी

i-NEXT PAGE 4

समय की मांग है एंटरप्रिन्योरशिप

LUCKNOW (21 Aug): लखनऊ यूनिवर्सिटी 6 दिवसीय उद्यमिता कॉन्क्लेव आयोजित कर रहा है. यह कार्यक्रम 26 अगस्त तक चलेगा. कॉन्क्लेव का आयोजन भाऊराव देवरस पीठ, नवांकुर फाउंडेशन, इंजीनियरिंग और तकनीकी संकाय, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग, वाणिज्य विभाग, अर्थशास्त्र विभाग और प्रबंधन विज्ञान संस्थान, एलयू के संयुक्त प्रयासों से किया जा रहा है.

नौकरी देने वाले बन सकें

कॉन्क्लेव की शुरुआत इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय, दूसरे परिसर में हुई. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एमके शनमुगा सुंदरम, प्रमुख सचिव व्यवसायिक शिक्षा और कौशल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार व विशिष्ट अतिथि घनश्याम साही थे. मुख्य अतिथि ने कहा कि छात्रों के बीच उद्यमिता की संस्कृति को विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि वे नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बन सकें. एंटरप्रेन्योरशिप कॉन्क्लेव की कार्यक्रम समन्वयक प्रो. संगीता साहू, हेड, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन ने छात्रों को एलयू की हालिया योजना, इनोवेटर्स लॉन्च के बारे में जानकारी दी. इस अवसर पर स्वागत भाषण डीन इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संकाय, प्रो. अशोक कुमार सिंह ने दिया, जिसमें उन्होंने उद्यमिता के क्षेत्र में इंजीनियरिंग संकाय द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला. इंजीनियरिंग संकाय ने अब तक तीन स्टार्टअप तैयार किए हैं और संकाय के छात्रों द्वारा एक और स्टार्टअप वेबक्रॉस कंसल्टेंसी सेवाएं शुरू करने जा रहा है.

कुशल खिलाड़ी कोष योजना से अब निकलेंगे बेहतर एथलीट

स्टूडेंट्स को एलयू के बैनर तले अनुमोदित खेल प्रतियोगिता में भाग लेना होगा

LUCKNOW (21 Aug): लखनऊ यूनिवर्सिटी अब खेलों में स्टूडेंट्स को आगे बढ़ाने के लिए कुशल खिलाड़ी कोष योजना शुरू करने जा रही है. इस योजना के तहत एलयू खेलों में सक्रिय रूप से शामिल स्टूडेंट्स को वित्तीय सहायता देगी. इससे पहले एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय शोध मेधा छात्रवृत्ति, कर्मयोगी योजना, वीसी केयर फंड शुरू कर चुके हैं, जिससे स्टूडेंट्स को लाभ भी मिल रहा है.

यह मिलेगी वित्तीय सहायता

एलयूएए (लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन) की ओर से अनुमोदित राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में स्वर्ण/रजत/कांस्य जीतने वाले छात्रों को पूर्ण वित्तीय सहायता (पाठ्यक्रम शुल्क + छात्रावास शुल्क + मेस शुल्क) दिया जाएगा. इसके अलावा एलयूएए अनुमोदित राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में स्वर्ण/रजत/कांस्य जीतने वाले छात्रों को ट्यूशन शुल्क सहायता की व्यवस्था है. एलयूएए अनुमोदित अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्रों को यात्रा भत्ता वित्तीय सहायता दी जाएगी.

एलयू की खेल प्रतियोगिताओं में लेना होगा भाग

स्टूडेंट्स को एलयू के बैनर तले अनुमोदित खेल प्रतियोगिता में भाग लेना होगा. व्यक्तिगत रूप से या किसी अन्य संबद्धता के माध्यम से प्रतिस्पर्धा करने वाले छात्र पात्र नहीं होंगे. पिछले सेमेस्टर या वार्षिक परीक्षा में स्पष्ट रूप से पास या या बैक पेपर के लिए पात्र हो. विवि के नियमित या स्व-वित्त पाठ्यक्रमों के लिए नामांकित है. पिछली परीक्षा में न्यूनतम 60 फीसदी अंकों के साथ पास किया हो. पिछले शैक्षणिक सेमेस्टर या वर्ष में कम से कम 75 फीसदी उपस्थिति होनी चाहिए. उन स्टूडेंट्स का चयन नहीं किया जाएगा, जो गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होगा. इसके अलावा जो भी छात्र किसी भी प्रकार की फेलोशिप या छात्रवृत्ति वित्तीय सहायता प्राप्त कर रहा या रही हो, वह इस सहायता के लिए पात्र नहीं होगा. इस कमिटी में एलयू के एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष, सदस्य सचिव, सचिव होंगे, कोषाध्यक्ष, एसोसिएशन के सदस्य होंगे. डीन छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) (सदस्य) दो सदस्य कुलपति नामित करेंगे.

PIONEER PAGE 3

एलयू का कुशल खिलाड़ी कोष करेगा खिलाड़ी छात्रों को वित्तीय मदद

कुशल खिलाड़ी कोष शुरू करने वाला प्रदेश का इकलौता विवि बना एलयू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू

आपदा जोखिम को कम करने के बताए उपाय

एमपीएड की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि बदली

एंथ्रोपोलॉजी की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि तय

JAGRAN CITY PAGE III

कुशल खिलाड़ी कोष से मिलेगी वित्तीय सहायता

कुलपति की अध्यक्षता में हुई लखनऊ विश्वविद्यालय की वित्त समिति की बैठक में दी गई प्रस्ताव को मंजूरी

विधि संकाय में कल से ओरिएंटेशन, 28 से कक्षाएं

कल तक अंक अपलोड करने का मौका

लवि : पीजी के 21 विषयों की आंसर की जारी

योजना के लिए पात्रता

THE PIONEER PAGE 2

LU ‘Kushal Khiladi Kosh’ to help students excelling in sports

PNS ■ LUCKNOW

The University of Lucknow is launching a new financial support scheme called 'Kushal Khiladi Kosh' for the students actively involved in sports. Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai said it would be used for the promotion of sports excellence among the university students.

LU spokesperson Durgesh Srivastava said that full financial support would be given to the students winning gold, silver and bronze medals in national and international sport competitions approved by Lucknow University Athletic Association (LUAA).

"Tuition fee support will be given to the students winning gold, silver, and bronze medals in the state-level LUAA-approved competitions. Financial support for travel will also be provided to the students participating in international LUAA-approved sports competitions," Srivastava said.

The eligibility criteria is the participation in LUAA-approved sports competitions under the banner of Lucknow University. Students competing individually or through any other affiliation will not be eligible for the scheme.

"The students should have passed the previous semester or annual examination or are eligible for the back paper. They should be enrolled on the regular or self-finance courses of the university. They should have passed with minimum 60% marks in the previous examination and have at least 75% attendance in the previous academic semester. The students should not have been involved in any unlawful activities and should not be receiving any kind of financial assistance, including fellowship and scholarship," he elaborated. All types of assistance out of the 'Kushal Khiladi Kosh' will be subject to the consideration and decision of a committee consisting of LUAA chairperson, secretary, treasurer, and DSW besides two members to be nominated by the vice-chancellor. "The disbursement will be subject to the approval by vice-chancellor. This fund will be used strictly for the assistance and aid to the needy students. No payment from this fund will be permitted for any other cause. False claims and information furnished by the candidates will make them liable for a refund of the entire amount," the spokesperson said.

Meanwhile, LU is organising a 6-day 'Entrepreneurship Conclave' dedicated to fostering innovation, collaboration and the spirit of entrepreneurship and self-employment. The event, which kicked off on Monday, is being organised with joint efforts of Bhaurao Devras Peeth, Navankur Foundation, Faculty of Engineering and Technology, departments of business administration, commerce, economics, and Institute of Management Sciences. The chief guest at the inaugural session was Principal Secretary, Vocational Education and Skill Development, MK Shanmuga Sundaram, who emphasised on the need for cultivating the culture of entrepreneurship among young students so that they could become job-givers instead of job-seekers. He also explained various government schemes supporting entrepreneurship.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

फीस लेकर इंटर्नशिप, प्लेसमेंट कराएगा लविवि

लखनऊ। लखनऊ विश्व विद्यालय अब अपने विद्यार्थियों के साथ ही अन्य संस्थाओं के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप और प्लेसमेंट की सुविधा देगा। इसके लिए प्रति विद्यार्थी छह हजार रुपए का शुल्क देना होगा। लविवि की वित्त समिति ने इस पर मुहर लगा दी है। इसके बाद अब यह प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। लविवि की प्लेसमेंट सेल इस समय विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को ही प्लेसमेंट और इंटर्नशिप की सुविधा देती है। अब इस सुविधा को परिसर से बाहर के लिए भी खोला जा रहा है। ऐसा होने पर कोई भी विद्यार्थी इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के लिए पात्र होगा। निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद उसे इंटर्नशिप तथा ट्रेनिंग की सुविधा मिलेगी। इसके बाद वह प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेगा। वित्त समिति ने प्राच्य संस्कृत विभाग में कर्मकांड पाठ्यक्रम की फीस भी तय कर दी है। इस कोर्स के लिए 10 हजार रुपए फीस निर्धारित की गई है। समिति ने एमलिब पाठ्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर का एक पद तथा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में शिक्षकों के 12 पद स्वीकृत किए है। परीक्षा संबंधी काम के लिए देर रात और तड़के सुबह ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को यात्रा भत्ता देने के प्रस्ताव पर मुहर लगाने तथा शोध प्रोत्साहन के लिए पुरस्कार के बजट को भी समिति ने हरी झंडी दे दी है।

विज्ञान कांग्रेस के बजट से अब अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

लखनऊ। लविवि की वित्त समिति ने अगले साल जनवरी में प्रस्तावित भारतीय विज्ञान कांग्रेस के सम्मेलन के लिए दो करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। लविवि प्रशासन ने डीएसटी और भारतीय विज्ञान कांग्रेस सोसाइटी के आपसी विवाद की वजह से खुद को इस आयोजन से अलग कर लिया है। इसके बाद अब इस दो करोड़ रुपये को अंतरराष्ट्रीय सेमिनार और कॉन्फ्रेंस के आयोजन में खर्च किया जाएगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय 'कुशल खिलाड़ी कोष' योजना

लखनऊ। खेलों में सक्रिय रूप से शामिल छात्रों के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय एक नई वित्तीय सहायता योजना 'कुशल खिलाड़ी कोष' शुरू कर रहा है। कुलपति, प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहा कि 'कुशल खिलाड़ी कोष' का उपयोग विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। इस योजना के तहत एलयूएए द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में स्वर्ण/रजत/कांस्य जीतने वाले छात्रों को पूर्ण वित्तीय सहायता देगा, इसके साथ ही ट्यूशन शुल्क सहायता, खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्रों को यात्रा भत्ता वित्तीय सहायता देगा।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

उद्यमिता समय की मांग है : सुंदरम

लविवि में कुशल खिलाड़ी कोष योजना की हुई शुरुआत

TOI PAGE 4

Fin aid for students of LU excelling in sports

Times News Network

Lucknow: Lucknow University has launched 'Kushal Khiladi Kosh' scheme to provide financial support to students excelling in sports. The scheme has been launched to promote sports and not let financial challenges become a hurdle for students coming from humble background.

According to university officials, any student winning a gold, silver or bronze medal in a national or international sports event approved by the Lucknow University Athletic Association (LUAA) will be exempted from paying course, hostel and mess fees. "LU will give full financial support to students winning medals in national and international events. The university will provide tuition fee support to students winning a medal in a state meet and will also bear travel expenses of students participating in an international event approved by LUAA," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

To be eligible for the scholarship a student should have participated in an LUAA approved sports competition under the banner of LU. Students competing individually or through any other affiliation will not be eligible. Besides, he/she should not have received any other financial assistance, including fellowship/scholarship, to avail this support, he added.

Srivastava said apart from this a student should have passed the previous semester or annual examination or is eligible for the backpaper and should be enrolled for the regular or self-finance courses of the university. He/she should have passed with minimum 60% marks in the previous examination and should have at least 75% attendance in the previous academic semester.

AMRIT VICHAR PAGE 4

एमएससी और बायोटेक की मेरिट लिस्ट जारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में एमएससी, बायोटेक, पब्लिक हेल्थ (कम्यूनिटी मेडिसिन) और एआईएच की मेरिट लिस्ट जारी हो गई है। एमएससी एंथ्रोपोलॉजी पहली मेरिट लिस्टर में 18, बायोटेक की पहली लिस्ट में 80, एआईएच में एक और पब्लिक हेल्थ में 82 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। दूसरी ओर परास्नातक के तहत परास्नातक की प्रवेश परीक्षा देने वाले एवं स्नातक अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राओं के परिणाम घोषित हो चुके हैं। साथ ही स्नातक के अंक आनलाइन अपलोड न करने वालों को अंतिम अवसर दिया जा रहा है। अभ्यर्थी 22 की मध्य रात्रि तक अंक अपलोड कर सकते हैं।

मनुष्यों की भूल का परिणाम हैं आपदाएं

अमृत विचार, लखनऊ: राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान की वरिष्ठ कार्यक्रम सलाहकार डॉ. प्रीति सोनी ने कहा कि आपदाएं प्राकृतिक नहीं होती हैं। मनुष्यों के भूतकाल या वर्तमान में किए गए कार्यों के कारण आपदाएं आती हैं। कहा कि आपदाओं को रोका नहीं जा सकता पर उनसे होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। डॉ. सोनी ने नेशनल एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल सोशल वर्कर्स इन इंडिया एवं समाज कार्य विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में चतुर्थ राष्ट्रीय समाज कार्य सप्ताह के दौरान उक्त बात सोमवार को आपदा जोखिम और तन्यकता : सामाजिक जिम्मेदारियां विषय पर आयोजित वेबिनार में कही। राष्ट्रीय समाज कार्य सप्ताह के संयोजक एवं वेबिनार की अध्यक्षता कर रहे समाज कार्य विभाग लविवि के विभागाध्यक्ष प्रो . अनूप कुमार भारतीय ने कहा कि हरित समाज कार्य के क्षेत्र में ये निष्कर्ष एक मील का पत्थर साबित होंगे।

उद्यमिता समय की मांग है : सुंदरम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लविवि में छह दिवसीय उद्यमिता कॉन्क्लेव शुरू

अमृत विचार : व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास के प्रमुख सचिव एम के शनमुगा सुंदरम ने युवा छात्रों के बीच उद्यमिता की संस्कृति को विकसित करने पर जोर दिया। कहा कि इससे वे नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बन सकें। उन्होंने उद्यमिता का समर्थन करने वाली उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया।

कॉन्क्लेव का आयोजन भाऊराव देवरस पीठ, नवांकुर फाउंडेशन, इंजीनियरिंग और तकनीकी संकाय, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग, वाणिज्य विभाग, अर्थशास्त्र विभाग और प्रबंधन विज्ञान संस्थान, लविवि के संयुक्त प्रयासों से किया जा रहा है। घनश्याम साही ने छात्रों को स्टार्टअप स्थापित करने और एक उद्यमी बनने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दी गई नीति और समर्थन को समझने के लिए खुद को शिक्षित करने की सलाह दी। एंटरप्रेन्योरशिप कॉन्क्लेव की कार्यक्रम समन्वयक प्रो. संगीता साहू, हेड, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन ने छात्रों को 'इनोवेटर्स लांच' के बारे में जानकारी दी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शॉर्टलिस्ट किए गए व्यावसायिक विचारों के आगे पोषण और विकास के लिए संरक्षक और प्रारंभिक धन प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की।